फा. सं 12016/05/2025- रा.भा (का-2)
भारत सरकार
गृह मंत्रालय
राजभाषा विभाग

एनडीसीसी -II भवन, नई दिल्ली
दिनांक: 30.04.2025

**कार्यालय ज्ञापन**

**विषय :"राजभाषा विभाग स्वर्ण जयंती" समारोह के अवसर पर आयोजित की जाने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं के संबंध में।**

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के स्वर्णिम 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में "**राजभाषा विभाग स्वर्ण जयंती**" समारोह का आयोजन नई दिल्ली में माननीय केंद्रीय गृह मंत्री जी की अध्यक्षता में दिनांक 26 जून, 2025 को किया जा रहा है। इस उपलक्ष्य में अखिल भारतीय स्तर पर **विभिन्न प्रतियोगिताएँ** आयोजित की जानी है। कृपया दिनांक 17.04.2025 एवं 22.04.2025 को जारी समसंख्यक कार्यालय ज्ञापन का संदर्भ ग्रहण करें।

2. उक्त प्रतियोगिताओं के अनुक्रम में एक अन्य प्रतियोगिता को शामिल किया जा रहा है। प्रतियोगिता का विवरण निम्न प्रकार से है।

| **क्र.सं.** | **प्रतियोगिता का नाम** | **प्रस्तावित तारीख** | **आयोजन स्थल** | **नोडल अधिकारी** (सहभागिता संबंधी सूचना संबंधित अधिकारी को 15 मई, 2025 तक भिजवाएँ) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | हिंदी टंकण प्रतियोगिता<br><br>(Inscript Keyboard पर) | 27 मई, 2025 (मंगलवार) | केन्द्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान के क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र:- नई दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता एवं गुवाहाटी | **ले. कर्नल रामनरेश शर्मा, निदेशक, हिंदी प्रशिक्षण संस्थान, नई दिल्ली**<br>(1) नई दिल्ली<br>ईमेल-ddhts-nc-dol@nic.in<br>(2) मुंबई<br>ईमेल-ddhts-west-dol@nic.in<br>(3) चेन्नई<br>ईमेल -ddhts-south-dol@nic.in<br>(4) कोलकाता<br>ईमेल-ddhts-east-dol@nic.in<br>(5) गुवाहाटी<br>ईमेल-ddhts-ne-dol@nic.in |

3. उल्लिखित प्रतियोगिताओं में केन्द्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान, केन्द्रीय अनुवाद ब्यूरो एवं संसदीय राजभाषा समिति के हिंदी से जुड़े अधिकारी/कर्मचारी भी सहभागिता करने के पात्र होंगे। प्रतियोगिता संबंधी अन्य सभी सूचनाओं के लिए दिनांक 17.04.2025 एवं 22.04.2025 को जारी ज्ञापनों का अवलोकन करें।

4. केवल खेल प्रतियोगिताओं में सहभागिता हेतु नामांकन भेजने की अंतिम तिथि **08 मई 2025** है। शेष तिथियाँ यथावत रहेंगी।

5. यह आदेश सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जा रहा है।

अनिल कुमार

(अनिल कुमार)
उप सचिव (का.)
दूरभाष : 011-23438143

प्रतिलिपि प्रेषित:

1. सचिव, राजभाषा विभाग के प्रधान स्टाफ अधिकारी।
2. संयुक्त सचिव, राजभाषा विभाग के प्रधान निजी सचिव।
3. निदेशक, केन्द्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान -प्रतियोगिता के आयोजन संबंधी कार्रवाई हेतु।
4. श्री दिनेश कुमार सिंह, उप निदेशक, गृह मंत्रालय -प्रतियोगिता के आयोजन संबंधी कार्रवाई हेतु।